RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 12 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 25 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## घाटकोपर में पार्किंग में पैलेट बोर्ड गिरने से मजदूर की मौत...



**मुंबई :** घाटकोपर (पूर्व) में की इमारत में एक एलिवेटेड कार पार्किंग में फेब्रिकेशन का काम करने वाले 20 वर्षीय मजदूर की पार्किंग फूस का बोर्ड गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गोवंडी निवासी गुफरान खान के रूप में हुई है, जो एक ऑटो रिक्शा चालक का पुत्र और यहां बतौर हेल्पर के रूप में काम कर रहा था। उसे स्थानीय राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पंतनगर पुलिस को इस घटना के बारे में सूचित किया गया, जिसके बाद आवश्यक सुरक्षा उपकरण प्रदान नहीं करने के लिए साइट सुपरवाइजर और गुरफान के नियोक्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि गुफरान शिवाजी नगर में परी फैब्रिकेटर के साथ कार्यरत था, जिसके मालिक का नाम इमरान खान हैं। कंपनी को घाटकोपर में कार पार्क में फेब्रिकेशन का काम एजे एलिवेटर्स द्वारा दिया गया था, जिसके पर्यवेक्षक अमोल कांबले भी घाटकोपर स्थान पर सुपरवाइजर थे। जहां गुफरान और तीन अन्य काम कर रहे थे।

# एनआईए की मुंबई में 6 जगहों पर छापेमारी

## जब्त की गई फेक करंसी... सामने आया 'डी-कंपनी' का रोल




**ठाणे :** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने ठाणे से जाली नोट जब्ती के मामले में मुंबई में छह स्थानों पर तलाशी ली और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की. एनआईए ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि जाली नोट बांटे जाने में प्रथम द्दष्टया 'डी कंपनी' की भूमिका साबित हुई है. ठाणे पुलिस की अपराध शाखा ने नवंबर 2021 में 2.98 लाख रुपये मूल्य के फेक करेंसी जब्त किये थे. 'डी-कंपनी' भगोड़े कुख्यात अपराधी और 1993 के मुंबई बम विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी दाऊद इब्राहिम से जुड़े गिरोह को कहा जाता है.

### आरोपियों और संदिग्धों की अनेक संपत्तियों पर छापे

एनआईए ने कहा कि महाराष्ट्र के ठाणे शहर में नौपाड़ा थाने में 18 नवंबर, 2021 को मूल रूप से दर्ज मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था. उन्हें गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और क्ढउ के संबंधित प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया. आरोपियों की पहचान रियाज और नासिर के रूप में हुई थी. दोनों मुंबई के रहने वाले हैं और इस समय न्यायिक हिरासत में हैं. ठाणे पुलिस ने तलाशी ली थी और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था. इस मामले में एनआईए ने जांच संभाली थी और 7 फरवरी, 2023 को मामला पुन: दर्ज किया था. बयान के मुताबिक एनआईए ने मामले में अपनी जांच के तहत बुधवार को आरोपियों और संदिग्धों की अनेक संपत्तियों पर छापे मारे थे.

### -2,000 मूल्य के फेक भारतीय करेंसी की जब्ती

बयान के मुताबिक, एनआईए की मुंबई शाखा के टीम ने बुधवार को अनेक परिसरों पर छापे मारे थे जिनमें आरोपियों और संदिग्धों के घर और कार्यालय शामिल हैं. बयान में कहा गया कि जब्त की गयी सामग्री में धारदार हथियार, डिजिटल उपकरण और दस्तावेज वगैरह शामिल हैं. इसमें कहा गया कि ये सामग्री फेक करेंसी से जुड़े गिरोह से डी-कंपनी के सीधे तार जुड़े होने की बात साबित करने वाले एनआईए के पहले के निष्कर्षों की पुष्टि करती है. मामला 2,000 रुपये मूल्य के फेक भारतीय करेंसी की जब्ती से जुड़ा है.

# नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने ठाकरे से की मुलाकात...



**मुंबई :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता उद्धव ठाकरे से मुंबई में उनके निजी आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए सभी गैर-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दलों को एक साथ लाने और विपक्षी एकता को मजबूत करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव शाम को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार से भी मुलाकात करेंगे।

पिछले साल भाजपा से नाता तोड़ राजग से अलग हो गए नीतीश कुमार आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने के लिए एकजुट विपक्ष की अपनी मुहिम के तहत विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से भी मुलाकात की थी।

# महाराष्ट्र में बनी रहेगी शिंदे सरकार !

## उद्धव इस्तीफा नहीं देते तो हम राहत दे सकते थे- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने पिछले साल जून में महाराष्ट्र में घटे राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर उद्धव गुट बना शिंदे गुट मामले में अपना फैसला सुना दिया. स्पीकर के खिलाफ अगर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, तो क्या वह विधायकों की अयोग्यता की अर्जी का निपटारा कर सकते हैं? अब इस मुद्दे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की पीठ करेगी. प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि 2016 का नबाम रेबिया मामला, जिसमें कहा गया था कि स्पीकर द्वारा अयोग्य ठहराने की कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है, अगर उनके निष्कासन का प्रस्ताव लंबित है, इसमें एक बड़ी पीठ के संदर्भ की आवश्यकता है. इसे बड़ी बेंच के पास भेजा जाना चाहिए. अब इस मुद्दे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की पीठ करेगी. शिंदे गुट द्वारा नियुक्त व्हिप भरतशेट गोगावले को शिवसेना के व्हिप के तौर पर मान्यता देने के स्पीकर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने गलत बताया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्पीकर की कार्रवाई की वैधता की जांच करने से अदालतों को अनुच्छेद 212 से बाहर



नहीं किया जा सकता है. सीजेआई ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि व्हिप राजनीतिक पर्टी द्वारा जारी किया जाता है और संविधान की 10वीं अनुसूची में आता है. 21 जून, 2022 को शिवसेना विधायक दल के सदस्य मीटिंग करते हैं और एकनाथ शिंदे को पद से हटाते हैं. स्पीकर को राजनीतिक दल द्वारा नियुक्त व्हिप को ही मान्यता देनी चाहिए थी, न की शिंदे गुट द्वारा नियुक्त व्हिप भरतशेट गोगावले को. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भरतशेट गोगावले (शिंदे समूह) को शिवसेना पार्टी के मुख्य सचेतक के रूप में नियुक्त करने का स्पीकर का फैसला अवैध था. तत्कालीन गवर्नर द्वारा फ्लोर टेस्ट बुलाने को भी सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक माना. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, 'गवर्नर के समक्ष ऐसा कोई दस्तावेज नही था, जिसमें कहा गया हो कि बागी विधायक सरकार से अपना समर्थन वापस लेना चाहते हैं. केवल सरकार के कुछ फैसलों में मतभेद था. गवर्नर के पास केवल एक पत्र था, जिसमें दावा किया गया था कि उद्धव सरकार के पास पूरे नंबर नहीं हैं. फ्लोर टेस्ट को किसी राजनीतिक दल के अंदरूनी विवाद या मतभेद को हल करने के लिए एक माध्यम के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है. न तो संविधान और न ही कानून राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने और अंतः पार्टी विवादों में भूमिका निभाने का अधिकार देता है.'



## संपादकीय / लेख



# सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन के मामले में लंबी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया, उसकी दोनों पक्ष चाहे जैसी व्याख्या करें, इस फैसले से यथास्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होने जा रहा है। चूंकि इस फैसले का एकनाथ शिंदे सरकार पर कोई असर नहीं, इसलिए उसका अकादमिक महत्व ही है। सुप्रीम कोर्ट इस नतीजे पर पहुंचा कि महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल की ओर से तबके मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को बहुमत परीक्षण के लिए आदेश देना सही नहीं था। राज्यपाल के फैसले को गलत ठहराए जाने के बाद भी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उद्धव ठाकरे को इसलिए कोई राहत नहीं मिल सकी, क्योंकि उन्होंने बहुमत परीक्षण का सामना करने के बजाय त्यागपत्र देना पसंद किया था। उनके त्यागपत्र देने के बाद राज्यपाल ने शिवसेना के विद्रोही नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के इस फैसले को सही माना। स्पष्ट है कि उद्धव ठाकरे को सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कुछ हाथ नहीं लगा। उन्हें त्यागपत्र देने के अपने फैसले पर अफसोस अवश्य होगा, लेकिन अब कुछ नहीं हो सकता। वह अपनी स्थिति के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं। उन्हें खुद के साथ अपने सलाहकारों को दोष देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का निष्कर्ष कुछ भी हो, उद्धव ठाकरे ने त्यागपत्र देकर यही उजागर किया था कि उनके पास बहुमत नहीं है। स्पष्ट है कि यदि राज्यपाल का फैसला गलत था तो मुख्यमंत्री का भी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह स्पष्ट किया कि केवल पार्टी के अंदर असंतोष के कारण राज्यपाल की ओर से संबंधित सरकार को यह कहना उचित नहीं कि वह विश्वास मत हासिल करे। इस निष्कर्ष के बाद यह तय है कि अब कोई भी सत्ताधारी दल अपने तमाम विधायकों की बगावत के बाद भी सत्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं होगा। प्रश्न यह है कि उस स्थिति में क्या होगा, जब किसी सत्ताधारी दल के दो तिहाई विधायक बगावत करके अपनी ही सरकार को अल्पमत में ला दें? अच्छा होता कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से इस प्रश्न का उत्तर दिया जाता कि ऐसी किसी स्थिति में राज्यपाल को क्या करना चाहिए? क्या उसे अल्पमत सरकार को सत्ता में बने रहने देना चाहिए?

साफ है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला जहां कुछ सवालों का जवाब देने वाला है, वहीं कुछ अन्य सवालों को जन्म देने वाला भी। इस पर हैरानी नहीं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे नैतिकता के आधार पर एकनाथ शिंदे से त्यागपत्र मांग रहे हैं, लेकिन यह उन्हें भी पता होगा कि ऐसा नहीं होने जा रहा है। उन्हें एकनाथ शिंदे से नैतिकता की अपेक्षा करने के बजाय इस पर विचार करना चाहिए कि स्वयं उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के बाद उससे नाता तोड़कर विरोधी दलों संग सरकार बनाकर कितना नैतिक कार्य किया था?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## विधायक के बेटे समेत 25 जोड़ों ने सामूहिक विवाह समारोह में शादी की



**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक सामूहिक विवाह समारोह के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक अभिमन्यु पवार के बेटे समेत 25 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। औसा से विधायक अभिमन्यु पवार ने बुधवार शाम उटगे मैदान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार और केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे सहित कई नेताओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। शिंदे ने गरीब और वंचित लोगों के लिए सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने के लिए भाजपा विधायक की सराहना की। उन्होंने कहा कि अन्य नेताओं को भी इसी तरह की पहल करनी चाहिए।

# 'मेडिमिक्स आजाद नगर, LIC अंधेरी'

## मुंबई में मेट्रो स्टेशन के नाम इंटरनेट पर वायरल, लोगों ने मजेदार किए कमेंट




**नई दिल्ली :** आए दिन सोशल मीडिया पर कई मजेदार चीजें देखने को मिल जाती हैं। ऐसी ही एक और तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जो लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। दरअसल, वायरल हो रही ये तस्वीर मुम्बई मेट्रो की है, जिसमें स्टेशनों के नाम अलग-अलग ब्रांड के नाम पर नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर पर यूजर्स भी मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं। ट्विटर हैंडल @shlokfc ने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें मेट्रो के अंदर से डिस्प्ले बोर्ड नजर आ रहा है। डिस्प्ले बोर्ड पर स्टेशन के नाम जैसे मेडिमिक्स आजाद नगर, एलआईसी अंधेरी और बिस्लेरी पश्चिम द्रुतगती मार्ग और बहुत कुछ दिखाया गया है। ट्विटर यूजर के मुताबिक, जब यह मेट्रो स्टेशन आते थे, तो भी ब्रांड के जिंगल्स बजते हैं। यूजर ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ''पीक कैपिटलिज्म।''

### लोगों ने किए मजेदार कमेंट

इस पोस्ट को 7 मई को शेयर किया गया था। पोस्ट किए जाने के बाद से, इसे एक लाख से अधिक बार देखा जा चुका है और 2000 से ज्यादा लाइक्स भी मिल चुके हैं। कई लोगों ने पोस्ट पर मजेदार कमेंट भी किए हैं। एक यूजर ने कहा, ''सस्ते परिवहन के लिए विज्ञापन।'' एक अन्य ने पोस्ट किया, ''जब इन ब्रांड का प्रायोजक नहीं होगा, तो क्या नाम बदल जाएगा? एक तीसरे यूजर ने कमेंट में लिखा, ''यह बहुत जरूरी है कि हम अपने मेट्रो और मेट्रो स्टेशन को साफ-सुथरा रखें और इसे रेलवे स्टेशन बनने से बचाएं।''

### ब्रांड के नाम पर रखे गए स्टेशनों के नाम

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस पोस्ट में मुंबई मेट्रो के कुछ स्टेशनों के नाम ब्रांडों के नाम पर रखे गए हैं। इस पोस्ट को अभी कुछ दिन पहले ही शेयर किया गया था। पोस्ट किए जाने के बाद से, इसने कई लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। कुछ लोगों ने सोचा कि ब्रांडों के नाम पर मेट्रो स्टेशनों का नामकरण करना एक मार्केटिंग स्किल है।

# एनसीपी नेता जयंत पाटिल को ED का नोटिस

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति से बड़ी खबर है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ठउढ) के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल को प्रवर्तन निदेशालय ने नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया गया है. शरद पवार के करीबी जयंत पाटिल को ईडी ने शुक्रवार (12 मई) को पेश होने को कहा है. पाटिल से आईएल एंड एफएस मामले में पूछताछ होनी है. इससे पहले आईएल एंड एफएस से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में कोहिनूर कंस्ट्रक्शन को दिए गए कर्ज के मामले में ईडी ने राज ठाकरे से भी पूछताछ की थी.

**क्या है मामला ?**

प्रवर्तन निदेशालय इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएल एंड एफएस) से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर एक जांच कर रहा है. यह जांच आईएल एंड एफएस समूह की कोहिनूर सीटीएनएल में इक्विटी निवेश से संबंधित है. कोहिनूर सीटीएनएल दादर में कोहिनूर स्क्वॉयर टॉवर का निर्माण कर रहा है. इसी मामले में ईडी को जयंत पाटिल से पूछताछ करनी है. जयंत पाटिल शरद पवार के करीबी हैं. जांच एजेंसी ने उन्हें शुक्रवार सुबह 10 बजे बुलाया है.

# एकनाथ शिंदे को लेकर बोले डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस- 'महाराष्ट्र के अगले सीएम...'



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि एकनाथ शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे और अगला चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाएगा. डिप्टी सीएम फडणवीस की यह टिप्पणी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के खिलाफ शिंदे के विद्रोह के कारण 2022 शिवसेना-केंद्रित राजनीतिक संकट से संबंधित याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से एक दिन पहले राज्य में राजनीतिक अटकलों के बीच आई है. यह पूछे जाने पर कि क्या उनके खेमे के 16 विधायकों की अयोग्यता के संबंध में प्रतिकूल फैसले की स्थिति में शिंदे अपने पद से हट जाएंगे, देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस चर्चा का कोई मतलब नहीं है.

आवश्यकता है
दैनिक रोकठोक समाचार पत्र को रिपोर्टर एवं ब्यूरो चीफ की आवश्यकता है तुरंत संपर्क करें:
Mobile : 9987775650
Email : rokthoklekhaninews@gmail.com

# नहीं लग पाया 20 फीसदी घरों में स्मार्ट मीटर...

**ठाणे :** ठाणे में पानी चोरी और रिसाव पर लगाम लगाने के उद्देश्य से स्मार्ट मीटर पद्धति का क्रियान्वयन किया गया है, लेकिन पिछले पांच वर्षों से शुरू यह योजना अब तक पूरी नहीं हो पाई है। ठाणे मनपा क्षेत्र में अभी २० फीसदी घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लग पाया है।



बता दें कि पिछले १२ वर्षों से नल संयोजन के लिए हाईटेक, फिर स्मार्ट और इसके बाद सेमी ऑटोमैटिक मीटर लगाने के लिए मनपा जलापूर्ति विभाग द्वारा कई बार टेंडरिंग प्रक्रिया की जा रही थी। जून २०१९ में तत्कालीन मनपा आयुक्त संजीव जायसवाल के मार्गदर्शन में जलापूर्ति विभाग की तरफ से १ लाख १३ हजार ३२८ स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए मनपा प्रशासन ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत कुल १३१ करोड़ रुपए खर्च किए। पानी बिल की सही तरीके से वसूली हो सके और रिसाव, चोरी के साथ-साथ पानी का अपव्यय न हो इसलिए अब प्रथम हाईटेक स्वरूप का विदेशी तकनीक के आधार पर स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है, जो कि नॉन ब्रेकेबल होने के साथ टिकाऊ भी है, परंतु अचानक इस प्रक्रिया पर ब्रेक लग गया है। मनपा की सीमा में पिछले पांच वर्षों में सिर्फ ९५ हजार ५०० मीटर ही लग पाए हैं, जबकि २० फीसदी घरों में करीब १७ हजार ८२० घरों में मीटर लगाना शेष है।

मनपा जलापूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता अतुल कुलकर्णी ने कहा है कि स्लम एरिया में मीटर लगाने का २० फीसदी काम बाकी है, जिसमें मुख्य रूप से लोकमान्य नगर, कोपरी-आनंद नगर, बालकुम, वाघबिल, ओवला आदि सहित कुछ अन्य गांवों में ये कार्य शेष हैं। गांववालों के विरोध की वजह से अब तक इन परिसरों में मीटर नहीं लगाए हैं, लेकिन मुंब्रा, दिवा और कलवा परिसर में धीरे-धीरे मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। कुलकर्णी ने कहा कि अब तक लगाए गए ९५ हजार ५०० मीटर के ग्राहकों को मीटर के हिसाब से बिल दिया जाएगा। यह स्मार्ट मित्र ए.आर.एम. का सेमी ऑटोमैटिक मीटर है, जो कि रोड मॉडेल पीपीपी तत्व पर लागू किया गया है। इस योजना के लिए स्मार्ट सिटी के निधि में से खर्च किया गया है। ऐसे में स्मार्ट सिटी अंतर्गत ९३ करोड़ और मनपा की तरफ से ३८ करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। ऐसे में मीटर के लिए किसी भी प्रकार का चार्ज नल कनेक्शन धारकों को नहीं देना था और पांच वर्ष का खर्च देखभाल और दुरुस्तीकरण का काम भी मनपा कर रही है।

# पत्नी से नाजायज संबंधों के शक में ठेकेदार पर चाकू से हमला



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के डोंगरी क्षेत्र में मनपा के एक ठेकेदार की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कुछ साल पहले ठेकेदार के पास काम करनेवाले एक मजदूर द्वारा ही हत्या की उक्त वारदात को अंजाम दिए जाने का खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि हत्यारोपी हाल ही में जेल से छूटा था। इससे पहले उसे अपनी ही पत्नी के कत्ल के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अपने मालिक (ठेकेदार) से नाजायज संबंधों के शक में उसने वर्ष २०१८ में अपनी बीवी को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया था। मिली जानकारी अनुसार, ४५ वर्षीय ठेकेदार वीरेश (बदला हुआ नाम) के पास आरोपी मजदूर कुछ साल पहले काम करता था। मजदूरी के दौरान उसे शक हो गया था कि उसकी बीवी का ठेकेदार के साथ कुछ चक्कर चल रहा है। शक में शैतान बने मजदूर ने बेवफाई के शक में अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया था। उस मामले में गिरफ्तार होने के बाद से वह जेल में ही था। लेकिन वर्षों तक जेल में रहने के बाद भी वह ठेकेदार को भूल नहीं पाया। जेल से छूटने के बाद वह लगातार ठेकेदार को ढूंढ़ता रहा। कल उसका सामना ठेकेदार से हो गया, जिसके बाद आरोपी ने ठेकेदार पर चाकू से हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची जेजे मार्ग पुलिस की टीम ने आरोपी मजदूर को हिरासत में लेकर जख्मी ठेकेदार को अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने ठेकेदार को मृत घोषित कर दिया।

# बिल्डरों के खिलाफ महारेरा में १६८ शिकायतें दर्ज

**ठाणे :** ठाणे जिले में घर खरीदनेवाले ग्राहकों ने बिल्डरों के खिलाफ महारेरा में १६८ शिकायतें दर्ज की हैं। आम नागरिकों की शिकायतों के आधार पर महारेरा ने ठाणे जिला प्रशासन को संबंधित बिल्डरों से ६९ करोड़ ९४ लाख रुपए की राशि वसूलने का आदेश दिया था, लेकिन कार्रवाई के नाम पर जिला प्रशासन अब तक केवल २ करोड़ रुपए ही वसूल कर पाया है। ऐसे में ठाणे में बिल्डरों को किसका 'अभयदान' प्राप्त है, ऐसी चर्चाएं ठाणेकरों के बीच होने लगी हैं। बता दें कि कई बार बिल्डर ग्राहकों से घर का पैसा ले लेते हैं और उन ग्राहकों को घर देने में देरी करते हैं या फिर ग्राहकों का पैसा खा जाते हैं। ग्राहक अपना पैसा वापस पाने या पजेशन पाने के लिए महारेरा में उक्त बिल्डर की शिकायत करते हैं। मिली जानकारी अनुसार, महारेरा को ठाणे, मीरा-भायंदर और अंबरनाथ तालुकाओं में से ग्राहकों के बिल्डरों के खिलाफ कुल १६८ शिकायतें प्राप्त हुई है। महेरा ने तहसीलदारों को डेवलपर्स से ६९ करोड़ ९४ लाख रुपए वसूलने का आदेश दिया है। कुल मामलों में से ६९ करोड़ से अधिक राशि अभी भी बकाया है।

महारेरा को प्राप्त १६० मामलों में आम नागरिकों ने अपने जीवन भर की इकट्ठा पूंजी लगाई है। जिला प्रशासन द्वारा देरी किए जाने से आम नागरिक अपना पैसा पाने के लिए परेशान हैं। जिन नागरिकों का पैसा बिल्डरों के पास बकाया है उन नागरिकों के साथ कब इंसाफ होगा, ऐसा बड़ा सवाल आ खड़ा हुआ है। महारेरा को प्राप्त शिकायतों में से केवल ८ मामलों पर कार्रवाई करते हुए कुल दो करोड़ ७१ रुपए बिल्डरों से वसूले गए हैं, उक्त जानकारी प्रशासन कार्यालय ने दी है। इस वजह से ग्राहकों में गुस्सा है और उन्होंने जिला प्रशासन के बिल्डरों पर कार्रवाई न करने के इस रवैये पर नाराजगी जताई हैं।

# नीतीश कुमार आज मुंबई में शरद पवार व उद्धव ठाकरे से करेंगे मुलाकात, तेजस्वी यादव भी रहेंगे मौजूद

**ठाणे :** विपक्षी एकता का संदेश लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गुरुवार को मुंबई दौरे पर हैं। दोनों मुंबई में शरद पवार और उद्धव ठाकरे से मुलाकात करेंगे। जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार के साथ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार विधान परिषद के सभापति देवेशचंद्र ठाकुर और सहकारिता मंत्री संजय कुमार झा भी रहेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंबई में उद्धव ठाकरे और शरद पवार से विपक्षी एकजुटता को लेकर विमर्श करेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों विपक्ष के नेताओं से घूम-घूमकर मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने



बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। इससे पहले नीतीश ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मिले थे। बीते दिन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि वे लोग मिलजुल कर आगे बढ़ते रहेंगे। एकजुट होकर देश को बनाने में योगदान करेंगे। न इतिहास बदलने देंगे, न फसाद मचाने देंगे। झारखंड और देश के विकास के लिए काम करेंगे

**हेमंत ने बताया-नीतीश को अपना अभिभावक**

नीतीश कुमार ने बिहार और झारखंड के रिश्ते को अटूट बताते हुए यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में रिजल्ट देखिएगा। केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि काम कुछ नहीं, केवल प्रचार हो रहा है। उधर, हेमंत सोरेन ने नीतीश कुमार को अपना अभिभावक बताया। उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शन हमेशा मिलेगा।

# महिलाओं में यूटीआई, बढ़ रही मरीजों की संख्या

**मुंबई :** गर्मी के मौसम में चिलचिलाती धूप और उमस की वजह से यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) की समस्या तेजी से बढ़ रही है। मूत्र पथ में संक्रमण की यह समस्या पुरुषों के मुकाबले महिलाओं व बच्चों में ज्यादा पाई जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि हर महीने करीब १५ से २० मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं।



तनावपूर्ण जीवनशैली के चलते महिलाओं में यूटीआई ( ) एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रहा है। खासकर कामकाजी महिलाओं में यह समस्या बड़े स्तर पर देखी जा रही है। अर्थात गर्मी के दिनों में कामकाज के सिलसिले में घर से बाहर निकलनेवाली ज्यादातर महिलाएं यूटीआई इंफेक्शन की चपेट में आ जाती हैं। गर्म और आर्द्र मौसम इस दर्दनाक समस्या के जोखिम को बढ़ा देता है। इस बीमारी के लक्षणों में पेशाब करते समय जलन, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खून आना, पेशाब से दुर्गंध आना, पेट में दर्द, जी मिचलाना और उल्टी होना शामिल है।

मुंबई के अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल में यूरोलॉजिस्ट डॉ. जितेंद्र सखरानी ने कहा, 'गर्मियों में बाहर घूमने जाना या पानी में तैरने जैसे कारक सभी उम्र के लोगों में यूटीआई के मामलों को बढ़ा सकते हैं। तापमान और यूटीआई के मामलों के बीच संबंध निर्जलीकरण के कारण हो सकता है।




# छात्रों को 15 जून से पहले किताबें मिल जानी चाहिए : आयुक्त



**ठाणे :** मनपा विद्यालय शुरू होने से पूर्व 15 जून तक विद्यार्थियों को पाठय पुस्तकें मिल जानी चाहिए। इस आशय का निर्देश मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने संबंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने मनपा विद्यालयों की गुणवत्ता में वृद्धि , तकनीकी का उपयोग , गणवेश का नया रंग, उसकी उपलब्धता , पुस्तकों की उपलब्धता आदि की समीक्षा किया है। स्थानीय निकाय विद्यालयों एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा पाठय पस्तकें निःशुल्क प्रदान की जाती है इसलिए मनपा कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्रों को मुफ्त में किताबें प्रदान करती है। इस संबंध में बलभारती से पुस्तकों की उपलब्धता एवं क्रय दोनों कार्य 5 जून तक पूर्ण कर लिये जायें। मुदया शुरू होने के बाद किताबें कराने में मनपा की नाकामी का सीधा असर छात्रों पर पड़ता है। आयुक्त बांगर ने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग को त्वरित कदम उठाने चाहिए। साथ ही 20 मई तक स्टेशनरी क्रय की दरें निर्धारित कर अभिभावकों को विद्यालयों के माध्यम से अवगत करायें।

# सुस्त पड़ा बदलता ठाणे अभियान?

**ठाणेः** मुख्यमंत्री बनते ही एकनाथ शिंदे ने ठाणे मनपा के माध्यम से 'मुख्यमंत्री का बदलता ठाणे' अभियान शुरू किया था, जिसके तहत सड़क मरम्मत, सुंदरता जैसे कार्यों को ६ महीने में पूर्ण किया जाना था। दिसंबर महीने में इस अभियान की शुरूआत की गई थी तब से ६ महीने का समय पूरा होने को है लेकिन अभी तक अभियान के तहत कई कार्यों की टेंडर प्रक्रिया बाकी है। ऐसे में क्या वक्त रहते 'मुख्यमंत्री का बदलता ठाणे' अभियान पूरा हो पाएगा या नहीं? ऐसे में, 'क्या हुआ तेरा वादा, वो कसम...' ऐसा सवाल ठाणेकर पूछते नजर आ रहे हैं।




बता दें कि पिछले साल ३ दिसंबर के दिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'मुख्यमंत्री का बदलता ठाणे' अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के तहत सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर जोर देने का निर्णय लिया गया था। सड़क, रंगाई-पुताई और शौचालय मरम्मत कार्य शुरू किए गए हैं। सड़क का काम दो चरणों में किया जाना है। इसके लिए ६०५ करोड़ रुपए का फंड खर्च किया जाएगा। इसमें २८३ सड़कों की मरम्मत का काम चल रहा है। मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने इन सड़कों का काम ३१ मई तक पूरा करने की डेडलाइन दी है। ठाणे मनपा को छह महीने का समय दिया गया था लेकिन आज भी सड़कों का काम चल रहा है। वहीं सौंदर्यीकरण के लिए १३० करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

सार्वजनिक शौचालय इस अभियान का अहम हिस्सा था। ठाणे मनपा ने शहर में ९०० शौचालयों का सर्वेक्षण किया है, और उनमें से ७०० की मरम्मत का काम शुरू किया है, इसके लिए ७३ करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी। यह फंड मनपा को उपलब्ध करा दिया गया है लेकिन अभी तक टेंडर के अलावा कुछ नहीं हुआ है।

सरकार की ओर से २५ करोड़, मनपा पिछड़ा वर्ग कोष से १३ करोड़, अन्ना भाऊ साठे योजना से ९.०५ करोड़ और शहर विकास विभाग से २५ करोड़ शौचालयों की मरम्मत के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

अभियान के तहत स्वच्छता और शौचालय मरम्मत कार्यों को महत्व दिया गया है। सफाई के तहत हाइवे की सफाई, कचरा संग्रहण के लिए नए वाहनों की खरीदी, छोटे कंपेक्टर की खरीदी शामिल है। शहर में ३४० कूड़ाघर थे। अभी भी १०० स्पॉट खुले हैं और उन्हें बंद करने में तीन महीने का समय और लगेगा, ऐसा मनपा का कहना है।

# युवक के आत्महत्या मामले में प्रेमी पर केस दर्ज




**वसई :** पत्नी के प्रेमी द्वारा प्रताड़ित किए जाने से एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। इस संबंध में विरार पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार,विरार पूर्व के कारगिल नगर में रहने वाले युवक सुशांत शेडगे (२६) की गौरी नाम की लड़की से शादी हुई थी।गौरी का सुमित शेलके नाम के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था।पति-पत्नी के बीच कहासुनी होती रहती थी इस वजह से गौरी के बॉयफ्रेंड सुमित शेलके ने सुशांत को धमकी दी थी।लिहाजा इसी धमकी और प्रताड़ना से तंग आकर सुशांत ने अपने आवास में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली.सुशांत के भाई सुदेश शेडगे द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, विरार पुलिस ने बुधवार को आरोपी सुमित शेलके के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा ३०६ के तहत मामला दर्ज किया।

# देह व्यापार के दलदल से दो महिलाओं को छुड़ाया गया

**वसई :** अनैतिक मानवी वाहतूक प्रतिबंध कक्ष नालासोपारा की टीम ने विरार पूर्व के फुलपाड़ा इलाके में रेड कर २ पीड़ित महिलाओं को वेश्यवृत्ति के छुड़ाया और एक वेश्यादलाल को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी उपायुक्त अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में पी.आई (अनैतिक मानवी वाहतूक प्रतिबंध कक्ष नालासोपारा ) संतोष चौधरी की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी है। पुलिस के मुताबिक पुलिस इंस्पेक्टर संतोष चौधरी को गोपनीय सूचना मिली कि विरार थाना क्षेत्र के गांधीचौक,फूलपाड़ा, विरार पूर्व में एक घर में एक वेश्या देह व्यापार के लिए लड़कियों की आपूर्ति कर रही है.सूचना सहायक पुलिस आयुक्त को दिया,इसलिए पी.आई संतोष चौधरी,पोहवा/बापू पवार,पोहवा/रोशन नारायण किणी,पोहवा/विनोद अशोक राऊत,मपोहवा/सुप्रिया नथू तिवले,मपोशि/पुनम मधुकर जगदाले व चालक पोहवा/सुनिल विष्णु पागी आदि अनै.मा.वा.प्र.कक्ष नालासोपारा ने बोगस ग्राहक व दो पंच के साथ उक्त स्थान



पर धावा बोल दिया,इस दौरान एक महिला वेश्यादलाल आरोपी परवीन प्रकाश यादव (३२),निवासी- विरार पूर्व,फुलपाड़ा गाँधीचौक को टीम ने हिरासत में लिया और दो पीड़ित महिला (उम्र ३८ व ४१ वर्ष ) वेश्यावृत्ति से छुड़ाया, पुलिस अधिकारी ने बताया कि वेश्या दलाल परवीन प्रकाश यादव ने पीड़ित महिला १) उम्र ४१ साल व २) उम्र ३८ साल को पैसे का लालच दिया,वह विभिन्न ग्राहकों को अपने निवास स्थान पर बुलाती थी और उनसे प्रति महिला १०,००० रुपये के हिसाब से पैसे लेती थी व पीड़ित महिलाओं को वेश्यावृत्ति में धकेलता थी।

# नाले में नवजात शिशु का शव बरामद



**वसई :** एक कलयुगी मां ने गला घोटकर नवजात शिशु को नाले में फैंक दिया। मौके पर पहुंचकर नायगांव पुलिस ने नवजात शिशु को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार 9 मई की शाम 4 बजे के आसपास चिचोटी के पाटिल पाडा,दलवी नगर स्थित एक नाले में किसी अज्ञात महिला ने नवजात शिशु (कन्या) को फैंक दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतक शव को कब्जे में ले लिया। संबंधित मामले में नायगांव पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ धारा 317,318 के तहत केस दर्ज कर लिया हैं।

# मानसिक तनाव में 41 प्रतिशत पुरुष और 56 प्रतिशत महिलाएं



**मुंबई :** कॉपोरेट कंपनियों में काम काम का दबाव कर्मचारियों को मेंटल बना रहा है। शायद यही वजह है कि कॉपोरेट कंपनियों में ४८ प्रतिशत काम करनेवाले लोग मानसिक बीमारी से ग्रस्त पाए जाते हैं। ४८ प्रतिशत लोगों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होती है, यानी उनकी अवस्था पागलों जैसी हो जाती है। ऐसे लोगों में ४१ प्रतिशत पुरुष और ५६ प्रतिशत महिलाएं हैं, जो मानसिक तनाव में रहती हैं। मंगलवार को जारी एक मनोवैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। सर्वेक्षण आदित्य बिड़ला एज्युकेशन ट्रस्ट की एक पहल पर एमपॉवर संस्थान द्वारा किया गया था। इस सर्वेक्षण में मुंबई सहित आठ शहरों में आठ क्षेत्रों में ३,००० कॉपोरेट कर्मचारियों को शामिल किया। सर्वेक्षण में शामिल लगभग ५० प्रतिशत लोगों ने कहा कि कार्यस्थल पर तनाव से उनके काम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जबकि ४५ प्रतिशत ने कहा कि वे कोविड महामारी के दौरान 'वर्क फ्रॉम होम' से छूटने के बाद भी असहज महसूस करते हैं। मुंबई में कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें कार्यस्थल पर तनावग्रस्त रहने से गंभीर रूप से पीठ में दर्द की समस्या हो गई है। सर्वेक्षण से पता चला कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग ५० प्रतिशत लोग तनाव या चिंता के चलते लगभग दो सप्ताह तक की छुट्टी ले चुके हैं। एमपॉवर के परवीन शेख के अनुसार, महामारी ने वह सब बदल दिया और अधिक कॉपोरेट्स कंपनियां भी अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य की समस्या को समझ रही हैं। इसीलिए वे अब खुद से आगे आकर सहायता के लिए हाथ बढ़ा रही हैं।

# डायबिटीज के मरीजों को खाना चाहिए पपीते का बीज

## कंट्रोल में रहता है 'शुगर' मिलते हैं ये 4 फायदे



**इन दिनों डायबिटीज की बीमारी से बड़ी संख्या में लोग पीड़ित हैं. बल्ड में शुगर का लेवल बढ़ जाने की वजह से यह समस्या पैदा होती है. डायबिटीज अनुवाशिंक बीमारी हो सकती है. हालांकि आजकल ज्यादातर लोगों में खराब लाइफस्टाइल की वजह से यह रोग पैदा हो रहा है. डायबिटीज के मरीजों को अपने खानपान का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है. उन्हें ऐसा आहारा खाने की सलाह दी जाती है, जिसके सेवन से न तो ब्लड शुगर का लेवल सामान्य से नीचे जाए और ना ही सामान्य से ऊपर.**

डायबिटीज के मरीज अगर खाने-पीने की आदत पर ध्यान दें, तो इस समस्या से आसानी से निजात पाया जा सकता है. कुछ फूड प्रोडक्ट्स से ब्लड शुगर के लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है, जैसे- पपीते के बीज. डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए पपीते के बीज काफी फायदेमंद होते हैं. आइए जानते हैं इसके सेवन से कैसे-कैसे फायदे मिल सकते हैं.

**डायबिटीज के मरीजों के लिए पपीते के बीज के फायदे**

पपीते के बीज डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद बताए जाते हैं. पपीते में मौजूद पपैन एंजाइम डाइजेशन में मदद करता है. डायबिटीज के मरीज अगर रोजाना पपीते के बीज खाएं तो उन्हें ये 4 फायदे मिल सकते हैं.

1. पपीते के बीज में भी भरपूर मात्रा में फाइबर होता है. इसके सेवन से दिल के स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने में मदद मिलती है और ब्लड शुगर का लेवल भी कंट्रोल में रहता है.

2. पपीते के बीज फ्लेवोनोइड्स, पॉलीफेनोल्स और बाकी एंटीऑक्सिडेंट से भी भरपूर होते हैं, जो जायबिटीज जैसी खतरनाक बीमारियों से प्रोटेक्शन देते हैं.

3. एक अध्ययन के मुताबिक, पपीते के बीजों ने डायबिटीज से होने वाले ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के खिलाफ इनहिबिटरी एक्टिविटी दिखाई है.

4. शोध से मालूम चलता है कि पपीते के बीज ब्लड शुगर लेवल को कम करने में हेल्प कर सकते हैं. क्योंकि इनमें मिथाइल एस्टर, ओलिक एसिड और हेक्साडेकोनिक एसिड जैसे एंटी-डायबिटिक कंपाउंड होते हैं.

क्या पपीते के बीजों को खाना सेफ है?

वैसे तो पपीते के बीजों को खाना पूरी तरह से सेफ है. लेकिन इन्हें हमेशा कम मात्रा में ही खाना चाहिए. क्योंकि ज्यादा सेवन से बुरे प्रभाव भी देखने को मिल सकते हैं, जैसे-

1. पपीते के बीज बहुत काफी कड़वे होते हैं. यही वजह है कि ये कुछ लोगों में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिस्टरबेंस का कारण बन सकते हैं.

2. प्रेग्नेंट या ब्रेस्ट फीडिंग कराने वाली महिलाओं को पपीते के ज्यादा बीज खाने से बचना चाहिए, क्योंकि एंजाइम शरीर पर बुरे प्रभाव डाल सकते हैं.

**पपीते के बीज कैसे खाएं?**

जैसा कि हमने बताया कि पपीते के बीज कड़वे होते हैं, इसलिए इन्हें कच्चा खाना थोड़ा मुश्किल साबित हो सकता है. आप इनका पाउडर बनाकर सेवन कर सकते हैं या जूस, स्मूदी और डेसर्ट में डालकर खा सकते हैं.

### क्या डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद है पपीता?

**पपीते में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है. यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट इसे डायबिटीज के मरीजों को डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं. ये डाइजेशन सिस्टम को हेल्दी रखने में मदद करता है. इसके अलावा, बल्ड शुगर लेवल के स्पाइक्स का कारण भी नहीं बनता. अध्ययनों से मालूम चलता है कि न सिर्फ पपीता, बल्कि पपीते के बीज भी डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद हैं.**

# गले की खराश से हैं परेशान?

## सेब के सिरके का ऐसे करें सेवन...

## फौरन मिलेगा आराम



बदलते मौसम में बैक्टीरियल इन्फेक्शन की वजह से सर्दी, खांसी और गले में खराश की समस्या होती है. गले की खराश की समस्या को दूर करने के लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो बैक्टीरिया संक्रमण से लड़ने में मददगार साबित होते हैं. आप कुछ तरीकों से सेब के सिरके का इस्तेमल करके गले की खराश की समस्या को फौरन ठीक कर सकते हैं. आइए जानें...

**1. सेब का सिरका और शहद**

गले की खराश को तुरंत ठीक करने के लिए सेब के सिरके और शहद का सेवन कर सकते हैं. इसके सेवन से गले की खराश में बहुत जल्द आराम मिलता है. इसके लिए एक गिलास गुनगुने गर्म पानी में 2 चम्मच सेब का सिरका और 2 चम्मच शहद मिलाकर खाली पेट सेवन करें.

**2. सेब का सिरका और नींबू**

अगर आप फौरन गले की खराश की समस्या से निजात पाना चाहते हैं, तो सेब के सिरके और नींबू रस का सेवन कर सकते हैं. इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच सेब का सिरका और 1 चम्मच नींबू रस मिलाकर सेवन करें. आप चाहे तो जल्द फायदा पाने के लिए दिन में 2 बार सेवन कर सकते हैं.

**3. सेब का सिरका और दालचीनी**

गले की खराश को दूर करने में दालचीनी भी कारगर साबित होती है. इसके लिए भी एक गिलास गुनगुने गर्म दूध में 1 चम्मच सेब का सिरका, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच शहद मिलाकर सेवन करें. इससे बहुत जल्द फायदा मिलता है.

# इन घरेलू नुस्खों से मिलेगी ग्लोइंग स्किन



फेयर स्किन के लिए मार्केट में कई प्रोडक्ट्स मिलते हैं। ये आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाने का दावा तो करते हैं लेकिन इनमें केमिकल्स की काफी मात्रा होने की वजह से यह त्वचा के लिए हानिकारक भी हो सकते हैं। ऐसे में घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं। इनके कोई साइड इफेक्ट नहीं होते और ये स्किन को नैचुरल पोषण भी देते हैं।

### *टमाटर और नींबू का फेस पैक*

सेंसिटिव स्किन के लिए यह फेस पैक काफी असरदार है। इसके लिए सबसे पहले टमाटर के पल्प निकाल लें। इसमें नींबू के रस की कुछ बूंदें डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब इस फेस पैक को चेहरे पर लगाएं और सूखने के लिए छोड़ दें। बाद में पानी से चेहरा धो लें।

### *संतरे के छिलके से पाएं ग्लोइंग स्किन*

संतरे के छिलके स्किन के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इसके लिए सबसे पहले संतरे के छिलकों को सुखाकर पीस लें। इस पाउडर में ब्राउन शुगर मिलाकर उसमें गुलाबजल की कुछ बूंदे डालें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें। बाद में पानी से चेहरा धो लें। इस नुस्खे से चेहरे की डेड स्किन को हटाने में मदद मिलती है जिससे चेहरा साफ और ग्लोइंग बनता है।

### *चंदन पाउडर से सुधरेगी चेहरे की रंगत*

चेहरे की रंगत सुधारने के लिए चंदन पाउडर काफी असरदार है। इसके लिए आधा चम्मच चंदन पाउडर लेकर उसमें चुटकी भर हल्दी और 4 बूंद बादाम का तेल मिक्स कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे को पर्याप्त पोषण मिलता है और चेहरे से डार्क स्पॉट रिमूव हो जाते हैं। साथ ही चेहरे की रंगत में भी सुधार होता है।

### *बेसन और दही*

चेहरे से कालेपन को हटाने के लिए बेसन, हल्दी और दही का मिश्रण बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर स्क्रब करें। 15 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। बाद में पानी से चेहरा धो लें। इससे पोर्स अंदर से साफ होते हैं और चेहरा कुछ ही देर में गोरा दिखने लगता है।

# रिश्वत मामले में एक की गिरफ्तारी




**वसई :** मीरा भाईदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय कार्यालय में पालघर एंटी करप्शन टीम की एकाएक कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। दरअसल पालघर एंटी करप्शन ने दो कर्मचारियों को रिश्वत मामले में कार्रवाई की गयी है। जिसमें एक को गिरफ्तार किया गया है,जबकि दूसरा फरार बताया जा रहा है। एक वरिष्ठ लिपिक है दूसरा लिपिक है,मिली जानकारी के अनुसार, 37 वर्षीय शिकायतकर्ता है। शिकायतकर्ता को सातवें वेतन आयोग की अंतर राशि प्राप्त करने बाबत,साथ ही मेडिकल बिल की स्वीकृति हेतु उक्त बिल कोषागार कार्यालय में जमा कराने बाबत आरोपी क्रमांक (संजय पवार - वरिष्ठ लिपिक ) और ( गणेश वाघेरे - लिपिक ) ने शिकायतकर्ता से 1500 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

# क्या महानगरपालिका ने अवैध इमारतों की सूची जारी की : मनोज बारोट

**वसई :** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर दिनांक १८ अप्रैल को पालघर लोकसभा प्रवास योजना के तहत एक दिवसीय दौरे पर आए थे,इस दरम्यान वसई तालुका की जनसमस्याएं और विकास कामों की जानकारी लेने वसई विरार शहर महानगरपालिका मुख्यालय में आयुक्त अनिल कुमार पवार से बैठक की थी,इस बैठक के दरम्यान आयुक्त द्वारा प्रस्तुत की गई,वीडियो प्रस्तुति पर मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली व विकास कामों में गति लाने के लिए की गई कारवाई और नियोजन का अहवाल ३ महीने बाद मंत्री महोदय के अगले दौरे से पहले तैयार रखने का आदेश आयुक्त को दिया है,आयुक्त ने मंत्री के आदेश को गंभीरता से लेते हुए कुछ कामों में तत्काल काम शुरू किया है तो कुछ कामों में तेजी देखने को मिल रही है,इसके



लिए जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट ने आयुक्त का जाहिर आभार व्यक्त किया है. लेकिन इसी कड़ी में मंत्री ने अनधिकृत निर्माण पर जोर देते हुए मनपा क्षेत्र में बने सभी अनधिकृत इमारतों की सूची १ मई (महाराष्ट्र दिन) को करने का आदेश दिया था. लेकिन मंत्री के इस आदेश पर मनपा प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया हो ऐसा न तो सुनने में आया है न तो देखने को मिल रहा है,इसलिए भाजपा वसई विरार जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट ने १० मई (बुधवार) को मनपा आयुक्त अनिल कुमार पवार को लिखित पत्र द्वारा मांग की है कि मंत्री के आदेशानुसार यदि सूची जाहिर की है तो उसकी जानकारी तालुका के नागरिकों को विविध माध्यमों से दी जाए और यदि सूची जारी नही की है तो मनपा की स्थापना से पहले और मनपा की स्थापना के बाद क्षेत्र में बने सभी अनधिकृत निर्माण और सदनिका की संख्या की सूची सालानुसार मनपा की अधिकृत वेब साइट पर तत्काल डाली जाए,अवैध निर्माणकताओं पर क्या कारवाई की गई ? और कारवाई के लिए मनपा प्रशासन ने क्या नियोजन किया है इस की भी जानकारी सार्वजनिक की जाए ऐसी मांग बारोट ने अपने पत्र में मनपा आयुक्त से की है।

# मुंबई दंगों के एक आरोपी को विशेष अदालत ने किया बरी... कहा- वह भीड़ का हिस्सा भी हो सकता है

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 1993 में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में एक विशेष कोर्ट से 46 साल के एक आरोपी को बड़ी राहत मिली है। मुंबई की विशेष कोर्ट ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। इस मामले में विशेष कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी इस मामले में भीड़ का हिस्सा या निर्दोष दर्शक भी हो सकता है। जानकारी के मुताबिक, 1993 के सांप्रदायिक दंगों के मामले में फरार आरोपी शिवपूजन राजभर को गिरफ्तार कर 28 मार्च 2023 को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया था। राजभर समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत हत्या



के प्रयास और गैरकानूनी जमावड़े के लिए आरोपपत्र दायर किया था। मामले में सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एए कुलकर्णी ने चार मई को राजभर को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया था। मामले के अन्य आरोपियों में से अधिकांश को पहले ही बरी किया जा चुका है।

अभियोजन पक्ष ने दलील दी थी कि राजभर 30 साल पहले हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान करीब 300 से 400 लोगों की भीड़ में शामिल था, जो एक-दूसरे पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंक रहे थे। वहीं पुलिस ने कहा था कि 1993 में हुए दंगों के दौरान भीड़ अनियंत्रित और आक्रामक थी तथा उसने घटनास्थल पर पुलिस कांस्टेबल की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। उस समय भीड़ एक दूसरे पर आग और ट्यूबलाइट फेंक रही थी। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज का सहारा लिया था और हवा में फायरिंग भी की।

सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष तीन गवाहों दो पुलिसकर्मियों और एक पंच के साक्ष्य पर निर्भर था। न्यायाधीश ने कहा कि तीनों के दिए गए सबूतों के अलावा, अपराध में आरोपियों की मिलीभगत को इंगित करने के लिए रिकॉर्ड में कुछ भी नहीं है और आरोपियों की पहचान करने के लिए कोई स्वतंत्र गवाह भी नहीं है। यह सत्य है कि 1993 में घटना घटी और इतने लंबे समय के बाद भी आरोपी को पहचानने के लिए गवाह नहीं मिल रहे हैं।

# आव्हाण के खिलाफ गैर संज्ञेय अपराध दर्ज

**ठाणे :** ठाणे पुलिस ने फिल्म 'द केरला स्टोरी' पर बयान के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पाटी (राकांपा) नेता जितेन्द्र आव्हाण के खिलाफ गैर संज्ञेय अपराध दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तक नगर पुलिस थाने में यह मामला दर्ज किया गया।



एक कार्यकर्ता ने आव्हाण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कहा गया है आव्हाण ने दावा किया है कि यह फर्जी घटनाओं पर आधारित है। आव्हाण ने मामले की प्रति को अपने ट्विटर हेंडल पर साझा किया है। गौरतलब है कि गैर संज्ञेय अपराध में पुलिस वारंट के बिना किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकती और अदालत की अनुमति के बिना जांच शुरू नहीं कर सकती।

# एमडी ड्रग्स के साथ एक तस्कर गिरफ्तार




**नालासोपारा :** एंटी-नारकोटिक्स सेल (मीरा भाईदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय) की टीम ने एक तस्कर को लाखों रुपये एम.डी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एंटी-नारकोटिक्स सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 8 मई रात लगभग 8 बजे के आसपास पूर्व के रिलायबल बिल्डिंग के पास से मोहम्मद हनीफ सईद कुरेशी (49) नामक तस्कर को 27.5 ग्राम (मेंफेड्रॉन) एम.डी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया हैं। जिसकी कुल कीमत 5 लाख 50 हजार रुपये आँकी गई है। आचोले पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# वाहन चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**नई मुंबई :** नेरुल पुलिस ने रॉयल एनफील्ड बुलेट ओर बजाज पल्सर 220 मोटरसाइकिल वाहनों को चुराने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 19 लाख 50 हजार रुपए मूल्य की 20 बाइक बरामद की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम निमेश सोपान कांबले (21), प्रथमेश राजू सपकाल (21) और गौरव आनंदा कदम (19) बताया गया है। नई मुंबई में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में इन चोरों को पकड़ने के लिए सभी थानों में




विशेष पुलिस टीम स्थापित की गई है। इसी दौरान महाबलेश्वर के पास मेधा में एक बुलेट लावारिस हालत में मिली। स्थानीय पुलिस ने दोपहिया वाहन के नंबर से गाड़ी के मालिक का पता लगाया और नई मुंबई पुलिस को इस बारे में सूचित किया।




# 423 पोलिंग पार्टियां हुई रवाना, मतदान आज

# 125 मतदान केन्द्रों पर बनाए गए 423 बूथ

## तीन लाख 46 हजार 737 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**बलिया।** निकाय चुनाव के क्रम में गुरुवार को होने वाले मतदान के लिए बुधवार को 423 पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। इस बार कुल 1884 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 1692 कार्मिक मतदान कराएंगे। 192 कार्मिकों को रिजर्व में रखा गया है। इनमें 1413 पुरुष और 471 महिला कार्मिक शामिल है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मंगलवार को प्रेक्षक आईएएस विशाल सिंह की उपस्थिति में विकास भवन स्थित एनआईसी में मतदान कार्मिकों का तृतीय रैंडमाइजेशन किया गया था।

रैंडमाइजेशन के माध्यम से दो नगर पालिका परिषद व 10 नगर पंचायतों के लिए कुल 423 पोलिंग पार्टी को बूथ का आवंटन किया गया है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी सहित चार मतदान कार्मिक रहेंगे। प्रेक्षक के अलावा डीएम रविंद्र कुमार ने रिजर्व में लगे पार्टियों का बूथवार आवंटन, रूट चार्ट आदि की जानकारी ली। इस दौरान प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि उक्त सूची सभी आरओ/ उप जिला मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करा दी जाए, ताकि मतदान पार्टियों के गंतव्य स्थान पर पहुंचने की जानकारी मिल सकें। साथ ही उन्होंने मतदान पार्टियों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि मतदान पार्टियों की ओर से किसी का आतिथ्य स्वीकार न किए जाने के संबंध में अवगत करा दिया जाए। ड्यूटी कार्ड वितरण के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी प्रवीण वर्मा ने कार्मिक को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि कुल 125 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां बने 423 बूथों पर तीन लाख 46 हजार 737 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगर निकाय चुनाव में मतदान पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा।



## इन स्थलों से रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

**बलिया।** 11 मई गुरुवार को होने वाले 12 नगर निकायों में मतदान के लिए लगभग सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। गुरुवार को सुबह आठ बजे मतदान पार्टियों की रवानगी मतदेय स्थलों के लिए की गई। जिले में कुल छह रवानगी स्थल बनाए गए थे। एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन अंसारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद बलिया, नगर पंचायत चितबड़ागांव और रतसड़कलां की मतदान पार्टियां कलेक्ट्रेट परिसर मॉडल तहसील से प्रस्थान किया। वहीं नगर पालिका परिषद रसड़ा और नगर पंचायत नगरा के लिए रसड़ा तहसील मुख्यालय से, नगर पंचायत बेल्थरारोड के लिए मतदान पार्टी सीयर ब्लॉक मुख्यालय से, नगर पंचायत सिकंदरपुर के तहसील मुख्यालय सिकंदरपुर से मतदान पार्टी की रवानगी हुई। इसके अलावा नगर पंचायत मनियर, बांसडीह, सहतवार और रेवती के लिए पोलिंग पार्टियां तहसील मुख्यालय बांसडीह और नगर पंचायत बैरिया के लिए तहसील मुख्यालय बैरिया से पोलिंग पार्टी रवाना हुई।

## चुनाव के लिए 453 वाहन अधिगृहित

**बलिया।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अरुण कुमार राय ने बताया कि 11मई को होने वाले मतदान के लिए परिवहन विभाग की ओर से 453 वाहनों को अधिगृहित किया गया है। परिवहन विभाग के आरआई राजभूषण चौधरी ने बताया कि चुनाव के लिए 325 बोलेरो, 56 बस, 27 मिनी बस और 25 मैजिक को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। इसके अलावा छह बस और 14 बोलेरो को रिजर्व रखा गया है। आरआई ने बताया कि चुनाव ड्यूटी के लिए 325 बोलेरो को पुलिस विभाग को हस्तांनातरित कर दिया गया गया है।

## 16 जोन और 32 सेक्टरों में बंटा जिला

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने निकाय चुनाव के लिए 11 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जनपद को 16 जोन और 32 सेक्टरों में बांटा है। डीएम ने सभी जोनों में एक-एक जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टरों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है।

## शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**बलिया।** जिला आबकारी अधिकारी ने बतया कि कि जनपद में 11 मई को होने वाले चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार की शाम 6 बजे से 11 मई की शाम 6 बजे तक यह सभी दुकानें बंद रहेंगी। इसी प्रकार 13 मई को होने वाली मतगणना को देखते हुए 12 मई की शाम 6 बजे से मतगणना समाप्ति के दिन रात्रि 12 बजे तक दुकानें बंद रहेंगी।

## भीषण गर्मी व तेज धूप से सुनसान हुए बाजार

**पीडीडीयू नगर।** गर्मी अब पूरे शबाब पर है। सुबह 10 बजे के बाद तेज धूप के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बचने लगे है। स्थिति यह है कि दिन में आसमान से आग बरस रही है।आग के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। दोपहर होते ही बाजार, कस्बे व नगर की सड़कें व रास्ते सूनसान हो जा रहे हैं। तेज धूप व लू से बचने के लिए लोग घरों के अंदर रहना मुनासिब समझ रहे हैं। जरूरी कामकाज को लेकर ही लोग चिलचिलाती धूप में बाहर आ रहे हैं।नगर क्षेत्र के जीटी रोड,परमार कटरा,लाल बहादुर शास्त्री क्रय-विक्रय केन्द्र,गल्ला मंडी चकिया चंदौली तिराहा पर दोपहर में सन्नाटा पसर जा रहा है। लोग तपन के कारण अपने अपने घरों में दुबके रहे।

# बारह लाख 75 हजार की कीमती लकड़ी के साथ तस्कर पकड़ाया

## परफ्यूम औषधि पूजा के काम में उपयोग होता है

**पीडीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस ने रुटिन चेकिंग के दौरान असम से तस्करी कर ले जा रहे साढ़े आठ किलो ऊद की लकड़ी के साथ एक युवक को पकड़ा। बरामद लकड़ी की कीमत 12.75 लाख रुपये बताई गई। तस्कर लकड़ी की खेप अंबेडकर नगर ले जा रहा था। लिखा पढ़ी के बाद बरामद लकड़ी और तस्कर को जीआरपी ने वन विभाग को सौंप दिया।

इस बाबत जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की देर शाम एसआई विद्या सागर ओर उनकी टीम स्टेशन पर रुटिन गश्त कर रहे थे। तभी प्लेटफार्म संख्या तीन और चार के फुटओवर ब्रिज के पास एक ट्रॉली बैग लिए युवक संदिग्ध हाल में दिखा। उसे पकड़ कर ट्रॉली बैग की तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर बैंग से अगर (ऊद) की कीमती लकड़ी बरामद हुई। युवक लकड़ी के कोई कागजात आदि नहीं दिखा सका। पूछने पर उसने अपना नाम मोहम्मद जिकारिया निवासी संदहा मझगावां अंबेडकर नगर बताया। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह असम से लकड़ी लेकर अंबेडकर नगर जा रहा है। तौल करने पर लकड़ी का वजन साढ़े आठ किलो मिला। निरीक्षक ने बताया कि ऊद (अगर) की लकडी अत्यंत सुगंधित और कीमती होती है। परफ्यूम ,औषधि बनाने व पूजा पाठ में इसका उपयोग किया जाता है। बाजार में ऊद की लकड़ी की कीमत डेढ लाख रुपये प्रति कलिो है। बरामद लकड़ी की कीमत 12.75 लाख रुपये बताई गई।

## न्यूज Window

## बरगद के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक



**बलिया।** नगरा थाना क्षेत्र के ताड़ीबड़ा गांव के मौजा महुआ में बुधवार को बरगद के पेड़ से लटकते युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए बलिया भेज दिया। युवक की पहचान 22 वर्षीय नवीन सिंह पुत्र लखन सिंह निवासी जंसाव थाना बांसडीह के रूप में हुई है। युवक का ताड़ीबड़ा गांव में ननिहाल है।

नवीन सिंह के ननिहाल ताड़ीबड़ा गांव के महुआ मौजे में लालू सिंह के घर तीन मई को मांगलिक कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए वह आया था। लोगों के अनुसार नवीन मांगलिक कार्यक्रम के बाद अपने गांव चला गया था और मंगलवार को पुनः ननिहाल आया था। बुधवार की सुबह गांव के बाहर बरगद के पेड़ पर गमछे के सहारे उसका शव लटकता हुआ मिला।

## तीन वर्ष की मासूम के साथ बलात्कार, फिर गला दबाकर हत्या



**बलिया।** बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तीन वर्ष की मासूम के साथ बलात्कार के बाद उसकी गला दबाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को उसका शव झाड़ियों में पड़ा मिला। इसकी जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के बाद बच्ची के परिजनों में कोहराम मच गया।

बता दें कि सोमवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की तीन वर्ष की बच्ची गायब हो गई। परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई

अगले दिन मंगलवार की दोपहर लापता बच्ची अपने घर से कुछ दूरी पर झाड़ियों में पड़ी मिली। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। लोगों द्वारा बच्ची के मौत के मामले में सांप काटने से लेकर अन्य बातें भी की जाने लगी। परिजन उसे लेकर सीएचसी बांसडीह गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# उर्वशी रौतेला के हाथ लगी धर्मा प्रोडक्शन की नई फिल्म



**बॉलीवुड** अदाकारा उर्वशी रौतेला भले ही इंडस्ट्री की ए-लिस्ट एक्टेसेस में शुमार न हो लेकिन उन्हें अच्छी तरह से पता है कि खबरों में कैसे बने रहना है। वो सोशल मीडिया के जरिए लोगों के बीच खलबली मचा देती हैं, जिसके बाद खबरें बनने लगती हैं। अदाकारा उर्वशी रौतेला ने ऐसा ही कुछ आज भी किया है। असल में उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम के जरिए लोगों को जानकारी दी है कि उनके हाथ धर्मा प्रोडक्शन की नई मूवी लग गई है, जिसके लिए वो काफी एक्साइटेड हैं। अदाकारा उर्वशी रौतेला ने एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया है कि ये उनके करियर में एक नई शुरूआत की तरह है।

अदाकारा उर्वशी रौतेला के इस पोस्ट पर धर्मा प्रोडक्शन ने अभी तक रिएक्शन नहीं दिया है। उर्वशी रौतेला इससे पहले भी कई बार ऐसे ट्वीट कर चुकी हैं, जो बाद में जाकर झूठे साबित हुए हैं। ऐसे में कई सारे लोग उनके इस पोस्ट को संदेह की नजरों से देख रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब तक धर्मा प्रोडक्शन इस खबर पर पक्की मुहर नहीं लगा देता है तब तक वो उर्वशी के ट्वीट को सच नहीं मानेंगे।

अदाकारा उर्वशी रौतेला बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ फिल्मों में भी काफी एक्टिव हैं। उनकी आखिरी रिलीज एजेंट थी, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। यह बहुत बड़े स्तर पर शूट की गई मूवी थी, जिससे सभी को बहुत सारी उम्मीदें थीं लेकिन एजेंट फ्लॉप साबित हुई।

# भारी बर्फबारी के बीच बाबा केदारनाथ के दर्शन करने पहुंची एक्ट्रेस



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सारा अली खान वैसे तो फिल्मी दुनिया और अपनी लाइफ स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। मगर सारा को बाबा शिव से अटूट प्रेम है, वो अपने बिजी शेड्यूल से मौका निकालकर सारा अक्सर शिव मंदिर में दर्शन करने जाती हैं। देश में शायद ही ऐसा कोई प्रसिद्ध मंदिर होगा जहां सारा ने माथा न टेका हो। इसी भक्ति को बरकरार रखते हुए अब सारा एक बार फिर केदारनाथ में दर्शन करने पहुंची है जहां से उनकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही है।

सारा अली खान की पहली फिल्म 'केदारनाथ' थी जिसमें उन्होंने दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह के साथ स्क्रीन शेयर की। सारा की इस डेब्यू फिल्म की शूटिंग यही केदारनाथ में ही हुई। अब जब एक बार फिर से सारा यहां दर्शन करने आई है तो उनकी पुरानी यादें भी ताजा हो गई। अपने सक्सेसफुल करियर के लिए बाबा केदारनाथ को शुक्रिया करने पहुंची सारा की सिर पर चुन्नी ओढ़े फोटोज लोगों को काफी पसंद आ रही हैं। एक फोटो में वो मंदिर के मेन गेट के बाहर खड़े मुंह पर मास्क लगाए हुए हैं। तस्वीर शेयर करते हुए सारा ने काफी खूबसूरत कैप्शन लिखा जिसने सबका दिल छू लिया।



# प्रियंका ने बॉलीवुड पर फिर साधा निशाना:बोलीं- हमसे पतले होने की उम्मीद की जाती है, झूठे ब्यूटी स्टैंडर्स पर बात होनी चाहिए

**प्रियंका** चोपड़ा ने मिस वर्ल्ड 2000 पेजेंट जीतने के बाद स्पाई थ्रिलर द हीरो:लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की। हालांकि, सक्सेस तक पहुंचने का सफर उनके लिए बेहद मुश्किल रहा। हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया कि किस तरह टीवी ऐड्स ने उनके मन में यह बात भर दी थी कि उनकी स्किन सुंदर नहीं है। फिल्म इंडस्ट्री में आने के बाद उनके मन में ये बात भर दी थी गई 'वो जितनी पतली होंगी, उतनी ही सुंदर होगीं।'

एक्ट्रेस का मानना है कि इन झूठ ब्यूटी स्टैंडर्ड के चलते ही उन्होंने खुद भी ऐसे ऐड्स में काम किया। हालांकि, अब वो कहती है कि इन झूठे ब्यूटी स्टैंडर्ड पर खुलकर बात की जानी चाहिए।

प्रियंका ने पॉडकास्ट कॉल हर डैडी के दौरान बताया कि फिल्म और फैशन इंडस्ट्री में लोगों के लिए सारी बातें बहुत नॉर्मल होती थी। वो लोगों को स्किन का कलर और साइज में बदलाव करने के लिए कहते थे। उन्होंने कहा- 'जब मैं पहली बार 20 साल पहले इंडस्ट्री में शामिल हुई थी, तो हमसे उम्मीद की जा थी कि आप पतले हों और आपकी पेल्विक बोन हो( खास आकर का कंधा)। किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप वहां तक कैसे पहुंचे हैं।'

इंडस्ट्री पर तंज कसते हुए प्रियंका ने कहा - 'अपको हमेशा परफेक्ट दिखना चाहिए, वर्ना आप सुंदर नहीं हैं। फैशन और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग बताने लगते हैं कि आपके लिए कितना बॉडी वेट सही है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com